# कौन बनेगा उज्जैन संभाग का नया आयुक्त ?

- सिंहस्थ की दृष्टि से तेज तर्रार अधिकारी की दरकार
- आशीष सिंह, अविनाश लवानिया, संकेत भोंडवे का नाम दौड़ में शामिल
- जब तक नई नियुक्त नहीं हो जाती, दूसरे अफसर को दिया जाएगा चार्ज



आज संजय गुप्ता होंगे रिटायर्ड

नवभारत न्यूज़

**उज्जैन. आज संभाग आयुक्त संजय गुप्ता सेवानिवृत हो जाएंगे, नया कमिश्नर कौन होगा, इसको लेकर चर्चाओं का दौर प्रारंभ हो गया है. उज्जैन में कलेक्टर रहे आशीष सिंह, संकेत भोंडवे से लेकर अविनाश लवानिया का नाम दौड़ में शामिल है.**

उज्जैन संभागायुक्त सह यूडीए अध्यक्ष संजय गुप्ता आज गुरुवार को सेवानिवृत्त हो जाएंगे. इसके बाद नए संभागायुक्त कौन होंगे, इसको लेकर सरकार की तरफ से कोई संकेत नहीं आए हैं. बावजूद इसके यहां माना जा रहा है कि जो अधिकारी उज्जैन में रहे हैं उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी.

## भोंडवे कलेक्टर तो लवानिया निगम आयुक्त रहे

महाकुंभ 2016 में अविनाश लवानिया के पास दोहरी जवाबदारी थी. वे जहां नगर निगम आयुक्त थे, वहीं सिंहस्थ मेला अधिकारी की भी जिम्मेदारी उन्होंने निभाई. पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के रिश्तेदार अविनाश लवानिया उज्जैन में संभाग आयुक्त बन सकते हैं. इसके भी संभावना जताई जा रही है, क्योंकि उन्हें पिछले सिंहस्थ का अनुभव है. साथ ही संकेत भोंडवे उज्जैन में कलेक्टर रहे हैं, कई सारे नवाचारों को किया है, दिव्यांगों का विवाह और उसके बाद नितिन गडकरी के ओएसडी रहे. वापस मध्य प्रदेश आने पर चर्चाओं का दौर है कि उन्हें उज्जैन में जवाबदारी दी जा सकती है.

## सिंह पर महाकाल का आशीष

वर्ष 2016 में सबसे पहले आशीष सिंह उज्जैन में नगर निगम अपर आयुक्त के पद पर सिंहस्थ में सेवाएं देने के लिए आए थे, उसके बाद वह उज्जैन नगर निगम में कमिश्नर बने, पश्चात उज्जैन में ही कलेक्टर नियुक्त हुए. देवास, भोपाल कलेक्टर रहने के बाद वर्तमान में आशीष सिंह इंदौर कलेक्टर है. साथ ही साथ 2028 की तैयारी के तहत मध्यप्रदेश सरकार ने उन्हें मेला अधिकारी भी नियुक्त किया है. माना जा रहा है कि आशीष सिंह को संभाग आयुक्त बनाया जा सकता है. जनवरी में सिंह का प्रमोशन भी किया जाना है.

## 15 मार्च 2024 को आए गुप्ता

संजय गुप्ता ने 15 मार्च 2024 को संभागायुक्त पद पर ज्वाइन किया था. गुप्ता इसके पहले श्रम आयुक्त थे. गुरुवार 31 जुलाई को सेवानिवृत्ति के साथ उज्जैन संभागायुक्त का पद रिक्त हो जाएगा. इसके साथ ही नए संभागायुक्त को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं. कम समय में गुप्ता ने उज्जैन में अच्छा खासा वातावरण स्थापित किया, जिसके तहत उन्होंने सिंहस्थ से लेकर संभाग भर के दौरे किए. सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के परिवारों तक पहुंचाया.

## लो प्रोफाइल में रहते हैं गुप्ता

उज्जैन संभाग आयुक्त संजय गुप्ता लो प्रोफ़ाइल रहते हैं, प्रचार प्रसार और ब्रांडिंग से कोसों दूर है, काम में भरोसा करने वाले हैं. महाकाल सवारी से लेकर नागचंद्रेश्वर की तैयारी तक में गुप्ता ने अहम भूमिका निभाई. सिंहस्थ की बैठकों में भी अपने अनुभव व्यक्त किए, जिसका समावेश योजनाओं के तहत किया गया.

# गौतमपुरा पुलिस ने पकड़ी बिजली तार चोरी करने वाली गैंग

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** गौतमपुरा पुलिस ने बिजली के एल्युमीनियम तार चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से करीब 4.75 लाख मूल्य के 850 फीट बिजली के तार, एक तार काटने की कटर के साथ पिकअप वाहन जब्त किया है.



पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भुटिया ने बताया कि विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रुपेश द्विवेदी एवं एसडीओपी संघप्रिय सम्राट के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अरुण कुमार सोलंकी द्वारा टीम गठित कर सूचना पर तुरंत कार्रवाई की गई. 18 वर्षीय शुभम उर्फ छोटू पिता राजकुमार गिनावा ग्राम बिसनावदा, थाना गांधीनगर, जैकी पिता शेरसिंह मालीवाड़ 27 छोटा बेटमा, थाना बेटमा के साथ अजय पिता पवन सोलंकी 21 गोम्मटगिरी पावर हाउस के पास, थाना गांधीनगर को गिरफ्तार किया है. पूछताछ में आरोपियों ने चोरी का तार सन्नी पिता कालु बरगुंडा एवं उसके साथी मामु निवासी बेटमा को बेचना बताया है, जिनकी तलाश जारी है. बाकि चोरी का माल बरामद करने के लिए पुलिस दबिश दे रही है.


**HSBC MUTUAL FUND**

**NOTICE**

**NOTICE** is hereby given to all the Investor(s)/ Unit holder(s) of HSBC Mutual Fund ("the Fund") that in accordance with Regulation 54 and 56 of Securities and Exchange Board of India (Mutual Funds) Regulations, 1996 read with para 5.4.5 of SEBI Master Circular dated June 27, 2024, the Annual Report and the Abridged Annual Report of all schemes of the Fund for the year ended March 31, 2025, have been hosted on the Fund's website at www.assetmanagement.hsbc.com/in and on AMFI's website at www.amfiindia.com.

Investors/ Unit holders can also submit a request for a physical or electronic copy of the scheme wise annual report or abridged summary thereof through following modes:

Email: investor.line@mutualfunds.hsbc.co.in
Call: Toll free number(s) - 1800-4190-200/ 1800-200-2434 or +91 44 39923900 (Investors calling from abroad) between Monday to Friday (8:00 AM to 8:00 PM) and Saturday (8:00 AM to 1:00 PM)

Additionally, Unit holders may also contact Investor Service Centres.

Further, Unit holders are encouraged to register their email id with us for receiving periodic updates on emails.

For & on behalf of HSBC Asset Management (India) Private Limited
(Investment Manager to HSBC Mutual Fund)

Sd/-
Authorised Signatory
Mumbai, July 30, 2025

HSBC Asset Management

**Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.**

HSBC Asset Management (India) Private Limited, 9-11 Floors, NESCO IT Park, Building no. 3, Western Express Highway, Goregaon (East), Mumbai – 400 063, India.
Email: investor.line@mutualfunds.hsbc.co.in, Website: www.assetmanagement.hsbc.co.in
Customer Service Number - 1800 200 2434/ 1800 4190 200
Issued by HSBC Asset Management (India) Private Limited
CIN-U74140MH2001PTC134220


# कश्मीर से हिरासत में लिया फरार कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी !

- पुलिस ने गिरफ्तारी से किया इनकार
- श्रीनगर से हिरासत की खबर, इंदौर लाए जाने की चर्चा
- लव जिहाद के लिए फंडिंग, फर्जी आर्म्स लाइसेंस और संदिग्ध खातों की जांच में बड़ा खुलासा



नव भारत न्यूज

**इंदौर. लव जिहाद के लिए फंडिंग करने के आरोपों से घिरे कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी को लेकर सूत्रों का दावा है कि उसे जम्मू-कश्मीर में हिरासत में ले लिया है. बताया जा रहा है कि श्रीनगर पुलिस की मदद से उसे पकड़ा गया, लेकिन इंदौर पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है.**

एडिशनल डीसीपी रामसनेही मिश्रा ने इस संबंध में कहा, हमारी टीमें कार्रवाई में लगी हैं, यदि गिरफ्तारी होती है तो सभी को विधिवत जानकारी दी जाएगी. इस मामले में पुलिस की ओर से अब तक सिर्फ अनवर की बेटी आयशा की गिरफ्तारी की पुष्टि की गई है, जिसे सोमवार को दिल्ली से पकड़ा था. इसी बीच सूत्रों ने बताया कि जब दिल्ली में दबिश दी गई तो अनवर फरार हो गया था. इसके बाद उसकी लोकेशन जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में ट्रेस हुई और वहां से उसे हिरासत में लिया. फिलहाल उसे इंदौर लाए जाने की तैयारी बताई जा रही है. अनवर कादरी पर आरोप है कि वह मुस्लिम युवकों को हिंदू लड़कियों को फंसाने के लिए एक लाख रुपए और उनसे निकाह करने पर दो लाख रुपए की राशि देता था. पुलिस को आयशा की गिरफ्तारी के बाद कई अहम जानकारियां मिली हैं, जिसके आधार पर पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है.

## संगठित नेटवर्क के संकेत

एडिशनल डीसीपी रामसनेही मिश्रा ने बताया कि, कादरी के नाम से जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में फर्जी तरीके से एक आर्म्स लाइसेंस जारी किया गया था, जिसे सस्पेंड करवा दिया है. तीन बैंक अकाउंट, एक फिशरिज फर्म और कुछ अन्य फर्मों की जानकारी भी मिली है. पुलिस जांच में इस बात के संकेत मिले हैं कि यह एक संगठित नेटवर्क है, जो अवैध फंडिंग और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल रहा है. कुछ व्यावसायिक साझेदारों की भूमिका भी जांच के दायरे में है.









स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7390/60